**Paper Code : 30**
**24 March, 2013**

Civil Services CHRONICLE
22yrs of Guiding Success

# IAS 2013 TEST SERIES

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

# अर्थव्यवस्था

**समयः 2 घंटे** **पूर्णांक : 150**

## आवश्यक निर्देश

1. परीक्षा शुरू होने के तुरंत बाद जांच कर लें कि इस परीक्षा बुकलेट पर कोई अमुद्रित, फटे, गायब पृष्ठ या आइटम, आदि नहीं हैं। यदि ऐसा है तो पूरी बुकलेट को बदल दें।
2. उत्तर शीट में दिए गए समुचित स्थान पर परीक्षा बुकलेट कोड (PAPER CODE) साफ–साफ अंकित करें।
3. परीक्षा बुकलेट पर दिए गए बॉक्स में अपना रोल नंबर लिखें। **परीक्षा बुकलेट पर और कुछ न लिखें।**
4. इस परीक्षा बुकलेट में 75 प्रश्न हैं। आपको एक उत्तर चुनकर उत्तर शीट पर चिह्न लगाना है। अगर आप सोचते हैं कि एक से अधिक सही उत्तर हैं तो अपने विचार से सबसे सही उत्तर पर निशान लगाएं। लेकिन आपको हर हाल में प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल **एक उत्तर** चुनना है। एक से अधिक उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. यदि आपको इस परीक्षा बुकलेट में दिए गए किसी प्रश्न/प्रश्नों या उत्तर में विसंगति दिखती है तो तीन दिनों के भीतर अपने प्रतिवेदन के साथ इस तरह की कथित विसंगति के बारे में लिखकर भेजिए। आप जिस प्रश्न संख्या और परीक्षा बुकलेट सीरीज में विसंगति पाते हैं उसका उल्लेख करना न भूलें। निर्धारित समय के बाद मिलने वाले प्रतिवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. आपको दी गई अलग उत्तर शीट पर ही सही उत्तरों पर निशान लगाना है। उत्तर शीट पर दिए गए निर्देशों को पढ़िए।
7. सभी प्रश्नों के अंक बराबर हैं।
8. अगर उम्मीदवार किसी प्रश्न के गलत उत्तर पर निशान लगाता है तो दंडस्वरूप उस प्रश्न का एक–तिहाई अंक **(–0.33)** कुल प्राप्तांक से घटा दिया जाएगा। खाली छोड़े प्रश्न पर कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
9. परीक्षा बुकलेट की उत्तर शीट पर निशान लगाने से पहले, आपको निर्देशों के अनुसार उत्तर शीट पर कुछ विवरण करना है।
10. उत्तर शीट में ऊपर दिए गए उपयुक्त खानों में केंद्र, विषय और रोल नंबर लिखते समय **केवल 'बॉल पॉइंट पेन'** का इस्तेमाल करें।
11. उत्तर शीट पर प्रश्नों के उत्तर के सामने निशान लगाने और परीक्षा खत्म होने के बाद, निरीक्षक को केवल उत्तर शीट दें। आप अपने साथ परीक्षा बुकलेट ले जा सकते हैं।
12. परीक्षार्थी अपना ***परिणाम*** एवं ***ऑल इंडिया रैंकिंग*** जानने के लिए शुक्रवार को **www.ias100** पर ***लॉग–ऑन*** करें।

**©Civil Services Chronicle**

1. उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें जिसे मुद्रा स्फीति की माप के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रस्तावित किया था। फिर सही उत्तर का चयन करें:

1. उत्पादक मूल्य सूचकांक घरेलू उत्पादकों द्वारा एक विशेष समय के अंतर्गत अपने उत्पादों के लिए पाए जाने वाले बिक्री मूल्य में औसत बदलाव का पैमाना है।
2. इसके अंतर्गत नौ–परिवहन, करों एवं अन्य शुल्क जैसे छिपे हुए खर्चे शामिल होते हैं और इस तरह से इसके माध्यम से मुद्रा स्फीति की अधिक स्पष्ट तस्वीर उभरकर आती है।
3. पीपीआई के अंतर्गत बहुत से उत्पादों के पहले व्यावसायिक लेन–देन एवं कुछ सेवाओं की कीमतें शामिल होती हैं और यह विक्रेता के सदर्श से मूल्यों में होने वाले बदलावों की माप करता है।

कूटः

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

2. बैंक दर के संदर्भ में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अन्य बैंकों से ऋणों पर वसूले गए ब्याज की सरकारी दर है।
2. यह वह दर है जिसपर भारतीय रिजर्व बैंक हुंडी सहित पहली श्रेणी की प्रतिभूतियों पर छूट देता है।
3. यह छूट दर के नाम से भी जाना जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. बैंकों ने हाल ही में रुपये के आसान स्थानांतरण के लिए एनईएफटी नाम की एक नई प्रणाली का आरंभ किया है। एनईएफटी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. यह व्यक्तियों, कंपनियों और निगमों को इस योजना में भागीदारी कर रहे किसी व्यक्ति, कंपनी या निगम को जिसका देश के किसी भी बैंक की शाखा में खाता हो, किसी भी बैंक की शाखा से इलेक्ट्रॉनिक रूप से रुपया हस्तांतरित कर सकने की अनुमति देता है।
2. प्रेषित किए जा सकने वाले नकद की राशि प्रति लेन–देन अधिकतम 100,000 रुपये तक सीमित है।
3. एनईएफटी के अंतर्गत भारत से भूटान को धनराशि के एकमार्गीय सीमापारीय हस्तांतरण की सुविधा भी प्रदान की गई है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा गलत है?

(a) केवल 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) उपरोक्त कोई भी नहीं।

4. राजीव गांधी इक्विटी बचत योजना (आरजीईएसएस) के संबंध में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें:

1. आरजीईएसएस ऐसे सभी भारतीय निवासियों को उपलब्ध है जिनकी कुल सकल आय दस लाख से कम है।
2. यह केवल उन व्यक्तियों को उपलब्ध होगा जो कि पहली बार इक्विटी में निवेश कर रहे हैं।
3. इस योजना के अंतर्गत निवेशकों को 50,000 के अधिकतम निवेश पर इस तरह से निवेश की गई रकम का 50 प्रतिशत कर छूट हासिल होगा।
4. इस योजना के अंतर्गत कुल तीन वर्षों की निर्धारित लॉक–इन अवधि है।

कूटः

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

5. निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें भारत में, स्वचालित एवं सरकारी मार्ग दोनों के अधीन विदेशी निवेश की अनुमति नहीं है?

1. लॉटरी व्यवसाय
2. जुआखोरी एवं दांव लगाना
3. आवास एवं रियल एस्टेट व्यवसाय
4. सिगार एवं सिगरेट के निर्माण

कूटः

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) उपरोक्त सभी (d) उपरोक्त कोई भी नहीं।

6. भारतीय किसानों को दिए जाने वाले ऋणों के प्रकारों एवं उनकी अवधि के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें:

1. अल्पकालीन ऋण– 12 महीने से कम की अवधि के लिए
2. मध्यकालीन ऋण– 12 महीने से लेकर 5 वर्षों तक की अवधि के लिए
3. दीर्घकालीन ऋण– 5 वर्षों से अधिक की अवधि के लिए

उपरोक्त कथनों में से किन्हें सही तरह से मिलाया गया है?

(a) उपरोक्त कोई नहीं। (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

7. चेक के दुरूपयोग, हेर–फेर और अदल–बदल में कमी लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक चेक ट्रंकेशन सिस्टम–2010 मानक लेकर आया है। संक्षेपण की इस प्रक्रिया से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. चेक के साथ एमआईसीआर बैंड पर डेटा, प्रस्तुति की तारीख, प्रस्तुतकर्ता बैंक इत्यादि जैसे प्रासंगिक जानकारियों के साथ क्लीयरिंग हाउस द्वारा आदेशिती (ड्रॉई) बैंक को चेकों के प्रतिरूप को संप्रेषित कर दिया जाता है।



CIVIL SERVICES CHRONICLE

2. यह चेकों के बहु–शहरी संचालन को सरल बना देता है।
3. भारतीय बैंक संघ (आईबीए) तथा भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) इस नए संक्षेपण मानक को लागू करने में बैंकों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 2 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें:

1. बजट 2013–14 के अंतर्गत करेंट अकाउंट घाटा, वित्तीय घाटा और मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से मुद्रा स्फीति–सूचीकृत बौंड (इंफ्लेशन–इंडेक्स्ड बॉन्ड्स) या आईआईबी की प्रस्तुति की गई है।
2. इंफ्लेशन–इंडेक्स्ड बॉन्ड्स या आईआईबी परिवारों तथा अन्य निवेशकों को सोने तथा भू–संपत्ति के बराबर प्रतिस्पर्धी विकल्प प्रदान करेगा।

कूटः

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों (d) कोई भी नहीं

9. निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं?

1. केंद्रीय श्रम मंत्रालय देश के विभिन्न भागों में स्थित रोजगार कार्यालयों के माध्यम से औपचारिक क्षेत्र एवं अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार से संबंधित सूचना एकत्रित करवाता है।
2. 2010 में लगभग 29 मिलियन औपचारिक क्षेत्र के कर्मचारियों में से लगभग 18 मिलियन कर्मचारियों को निजी क्षेत्र द्वारा रोजगार दिया गया था।
3. औपचारिक क्षेत्र के श्रम बल में से महिलाएं केवल लगभग छठा हिस्सा ही थीं।

कूटः

(a) केवल 1 सही है। (b) 2 और 3 सही हैं।
(c) सभी सही हैं। (d) केवल 3 सही है।

10. जी–20 से संबंधित निम्नलिखित में से क्या सही है/हैं?

1. जी–20 सम्मेलन का सृजन 2007–2010 के वित्तीय संकट तथा इस बढ़ती हुई मान्यता की प्रतिक्रिया में किया गया था कि उभरते हुए देशों को वैश्विक आर्थिक चर्चा एवं शासन व्यवस्था के मर्म में समुचित रूप से शामिल नहीं किया जाता।
2. जी–20 को कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री पॉल मार्टिन ने प्रस्तावित किया था।
3. जी–20 में उसके सदस्यों के रूप में 19 देश तथा यूरोपीय संघ शामिल है जिसका प्रतिनिधित्व यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एवं यूरोपीय सेंट्रल बैंक द्वारा किया जाता है।

कूटः

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

11. मुद्राओं के टोकरे (Basket of currencies) की प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. इस प्रणाली के अंतर्गत किसी देश की मुद्रा का विनिमय मूल्य कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के संदर्भ में निर्धारित होता है।
2. भारतीय रुपये का मूल्यांकन अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पाउंड, जापानी येन, फ्रांसीसी फ्रैंक और जर्मन ड्यूक मार्क के संदर्भ में किया जाता है।
3. भारत ने 1975 में इस प्रणाली को अपनाया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

12. भारत में बैंकों के इतिहास से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1935 में हिल्टन यंग आयोग के प्रस्तावों के आधार पर किया गया था और अंततः 1949 में राष्ट्रीयकृत हुआ।
2. मुंबई में 1906 में स्थापित बैंक ऑफ इंडिया भारत से बाहर 1946 में लंदन में अपनी शाखा खोलने वाला भारतीय बैंक था और महाद्वीपीय यूरोप में अपनी शाखा खोलने वाला भी पहला भारतीय बैंक था। उसने 1974 में पेरिस में अपनी शाखा का आरंभ किया था।
3. कैनरा बैंक आईएसओ प्रमाण पत्र पाने वाला पहला भारतीय बैंक है।

उपरोक्त कथनों में से कौन गलत है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) कोई भी नहीं।

13. चालू खाता (करेंट अकाउंट) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें:

1. चालू खाता के घटकों के अंतर्गत वस्तुएं, सेवाएं, आय और चालू अंतरण आते हैं।
2. चालू खाते की गणना में आय के अंतर्गत किसी घरेलू कंपनी या किसी स्थानीय सरकार पर किसी विदेशी कंपनी के निवेश को भी शामिल किया जाता है।

CIVIL SERVICES CHRONICLE

3. चालू खाता गणना में दान, सहायता या सरकारी सहायता के अंतरण को शामिल किया जाता है।

कूटः

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

14. निम्नलिखित में से कौन से कथन गलत हैं?

1 वस्तुओं की आपूर्ति का मूल्य लोच वस्तुओं के मूल्य में होने वाले बदलावों के अनुसार की गई आपूर्ति की मात्रा के प्रति प्रभावनीयता की माप करता है।
2 जब आपूर्ति वक्र क्षैतिज होता है, तो आपूर्ति मूल्य के प्रति पूरी तरह से असंवेदनशील होती है और आपूर्ति की लोच शून्य होती है।
3. मांग के मूल्य लोच की तरह, आपूर्ति का मूल्य लोच भी ईकाइयों से स्वतंत्र होता है।

कूटः

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपरोक्त कोई भी नहीं।

15. निम्नलिखित समितियों और उनके कार्यक्षेत्र में से किसे सही तरह से मिलाया गया है?

| | |
|---|---|
| 1. मालेगाम समिति | माइक्रो फाइनेंस संस्थाएं |
| 2. एम आर श्रीनिविासन | उपभोक्ता मूल्य सूचकांक |
| 3. एम के गुप्ता समिति | सामान्य कर संहिता |

कूटः

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

16. भारतीय रिजर्व बैंक ने माइक्रो एवं छोटे उद्यमों के रुग्न उद्यमों की परिभाषा को संशोधित किया है। नए दिशानिर्देशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। कोई भी एमएसई रुग्न समझा जाएगा अगरः

1. कोई भी कर्ज खाता छह महीनों से अधिक समय तक अव–मानक बना रहे।
2. कोई भी कर्ज खाता तीन महीनों से अधिक समय तक अव–मानक बना रहे।
3. कोई भी कर्ज खाता तीन महीनों या उससे अधिक समय तक अनिष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) बना रहे।
4. कोई भी कर्ज खाता छह महीने या उससे अधिक समय तक एनपीए बना रहे।

उपरोक्त कथनों में से कौन से/सा दिशानिर्देश का अंग है/हैं?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 2 और 4

17. एक शेयर या इक्विटी बाजार एक सहमत मूल्य पर कंपनी स्टॉक (शेयर) और व्युत्पत्तियों के व्यापार की सार्वजनिक संस्था है। भारत में शेयर बाजार के संबंध में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार करेंः

1 ओटीसीईआई पूंजी बाजार में प्रवेश पाने का प्रयास करती छोटी उवं मध्य आकार की कंपनियों से युक्त एक इलेक्ट्रॉनिक शेयर बाजार है।
2 राष्ट्रीय शेयर बाजार (NSE) को 1992 में मलहोत्रा समिति के प्रस्तावों पर शामिल किया गया था।
3. एनएसई नेशनल एक्सचेंज फॉर ऑटोमेटेड ट्रेडिंग (एनईएटी) नामक ग्राहक सेवा आधारित प्रणाली के प्रयोग के माध्यम से व्यापार के लिए उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने वाला दुनिया का पहला शेयर बाजार था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) उपरोक्त सभी

18. नए बैंकों को लाइसेंस देने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक की कसौटी के संबंध में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करेंः

1. नए बैंकों के लिए शुरुआती भुगतान (पेड अप) पूंजी को 500 करोड़ तक निर्धारित किया गया है।
2. नए बैंकों के लिए अपनी कम से कम 25 प्रतिशत शाखाओं को उन स्थानों पर खोला जाना जरूरी होगा जहां की आबादी 10,000 से कम है।
3. नए मानकों के अनुसार वही निजी कंपनियां एवं सार्वजनिक क्षेत्र की ईकाईयां नए लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकती हैं जिनके पास 10 वर्षों का अनुभव हो।

कूटः

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

19. निम्नलिखित युगलों में किसे सही तरह से मिलाया नहीं गया है?

| | |
|---|---|
| (a) भूरी क्रांति | मधु |
| (b) रजत क्रांति | अण्डे (मुर्गीपालन) |
| (c) लाल क्रांति | मांस, टमाटर |
| (d) रजत रेशा क्रांति | कपास |

20. भारत में निर्मित वस्तुओं के निर्यात के संदर्भ में निम्नलिखित वस्तुओं पर विचार करेंः

1. अभियांत्रिक वस्तुएं
2. नग एवं जेवर
3. रसायन और संबंधित उत्पाद
4. कपड़ा


परिक्षार्थी अपनी समसामयिकी ई–पत्रिका के लिए www.ias100.in पर अपने अनुक्रमांक के साथ रजिस्टर करें।

CIVIL SERVICES CHRONICLE

उपरोक्त वस्तुओं को भारत में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात के मामले में उनके प्रतिशत के आधार पर बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित करें:

(a) 3, 4, 2, 1 (b) 3, 4, 1, 2
(c) 4, 3, 1, 2 (d) 4, 3, 2, 1

21. भारत में व्यावसायिक माहौल में सुधार करने के लिए भारत ने अपने पहले सरकार से व्यवसाय पोर्टल ''ईबिज'' की शुरुआत की है। इस पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. इस पोर्टल का विकास एचसीएल द्वारा एक सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के आधार पर किया गया है।
2. इस परियोजना का लक्ष्य केंद्र, राज्य एवं स्थानीय सरकारों के मध्य सभी व्यावसायिक एवं निवेश संबंधित नियामक सेवाओं को एक अकेले पोर्टल पर उपलब्ध कराकर एक व्यावसायिक एवं निवेश समर्थक पारिस्थितिकीय प्रणाली विकसित करना है।
3. इसके अंतर्गत अंतर्निहित भुगतान मार्ग शामिल है जो सभी भुगतानों को एक ही बिंदु पर जमा करने की अनुमति देता है और फिर चलानों एवं एमआईएस रिपोर्ट के साथ केंद्र/राज्य के खातों के अपने–अपने मदों में विभाजित कर भेज देता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 3

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें एवं सही उत्तर का चयन करें:

1. संरचनात्मक बेरोजगारी तब होती है जब एक श्रम बाजार ऐसे सभी लोगों को रोजगार प्रदान करने में विफल रहता है जो रोजगार के इच्छुक होते हैं क्योंकि बेरोजगार श्रमिकों की कार्य कुशलता एवं उपलब्ध रोजगारों के लिए जरूरी कार्य कुशलता के बीच कोई मेल नहीं होता।
2. घर्षणात्मक बेरोजगारी रोजगारों के बीच की वह समय अवधि है जब कोई श्रमिक रोजगार की तलाश में हो या फिर एक नौकरी से दूसरी नौकरी में स्थानांतरण कर रहा हो।
3. चक्रीय बेरोजगारी को अपूर्ण मांग बरोजगारी भी कहा जाता है जो तब होती है जब अर्थव्यवस्था में जो कोई भी काम चाहता हो उसे रोजगार प्रदान करने से संबंधित पर्याप्त रूप से संकलित मांग नहीं हो।

कूटः

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें एवं सही उत्तर का चयन करें:

1. प्राथमिक बाजार वह बाजार है जहां प्रतिभूतियों को पहली बार बेचा जाता है और इस तरह से इसे न्यू ईशू (नया निर्गम) बाजार (एनआईएम) भी कहते हैं।
2. द्वितीयक बाजार जिसे आफ्टरमार्केट भी कहा जाता है, एक ऐसा वित्तीय बाजार है जिसमें पहले से निर्गमित शेयर, बांड्स, ऑप्संस, तथा फ्यूचर्स जैसे वित्तीय उपकरण खरीदे एवं बेचे जाते हैं।
3. प्राथमिक बाजार या नए निर्गम बाजार में वित्तीय संस्थानों से लिए गए ऋण जैसे नए दीर्घकालीन बाह्य वित्त स्रोत भी शामिल हैं।

कूटः

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

24. राष्ट्रीय विनिर्माण नीति (एनएमपी) से संबंधित निम्नलिखित में से क्या सही है?

1. इस नीति का मुख्य उद्देश्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण के हिस्से को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना है।
2. एनएमपी समूहों एवं समुच्चयों को प्रोत्साहित करता है, विशेष तौर पर राष्ट्रीय निवेश एवं विनिर्माण क्षेत्रों (एनआईएमजेड) के सृजन के माध्यम से।
3. यह नीति उन उद्योगों पर विशेष ध्यान देती है जो कि रोजगार प्रगाढ़ और पूंजी वस्तुओं का उत्पादन करने वाली हैं तथा यह छोटे और मध्यम उद्योगों एवं रणनीतिक महत्व वाले उद्योगों को प्रमुखता नहीं देती।

कूटः

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

25. गैर–ऋण पूंजी प्रवाह होने के कारण विदेशी निवेश विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए बाहरी वित्त का प्रमुख स्रोत है। भारत में हाल ही में एफडीआई नीति में हुए बदलावों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. आयातित पूंजी वस्तुओं/मशीनरी तथा इक्विटी उपकरणों के प्रारंभिक/पूर्व–समावेश खर्चे के रूपांतरण में उदारीकरण।
2. विनिमेय उपकरणों का मूल्य निर्धारण, मूल्य के स्थान पर रूपांतरण फॉर्मूले के आधार पर।

CIVIL SERVICES CHRONICLE


परिक्षार्थी अपनी समसामयिकी ई–पत्रिका के लिए www.ias100.in पर अपने अनुक्रमांक के साथ रजिस्टर करें।

3. सरकारी स्वीकृति के मार्ग के अंतर्गत औषधीय क्षेत्र में ब्राउनफील्ड निवेश के लिए 100 प्रतिशत तक एफडीआई को स्वीकृति प्रदान करना।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा भारत की एफडीआई नीति का हिस्सा है?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

26. 2011–12 में घोषित विदेश व्यापार नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. शुल्क अधिकार पास बुक (ड्यूटी एंटाइटलमेंट) पास बुक (डीईपीबी) योजना 30–09–2011 से समाप्त कर दी गई।
2. ड्यूटी ड्रॉबैक स्कीम (डीडीएस) के अंतर्गत पूर्व के डीईपीबी उत्पादों के लिए लगभग 1100 अतिरिक्त प्रविष्टियां दाखिल की गईं जो कि डीडीएस में पहले से ही विशिष्ट रूप में उल्लेखित नहीं थीं।
3. डीडीएस के समानांतर फ्री ऑन बोर्ड (एफओबी) मूल्य के 1 से 17 प्रतिशत तक के रेंज तक दर पर ड्यूटी ड्रॉबैक प्रदान किए गए।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 3

27. विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में गैर–कृषि बाजार पहुंच (एनएएमए) पर भारत के नजरिए के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. आर्थिक रूप से कमजोर उद्योगों की सुरक्षा के मामले में पर्याप्त एवं उपयुक्त लचीलापन।
2. अंतिम परिणाम के संबंध में बिना किसी पूर्वनिर्णय के केवल गैर–बाध्यकारी एवं समुचित विश्वास के आधार पर क्षेत्रीय पहलों में भागीदारी जिसमें विकासशील देशों के लिए पर्याप्त विशेष एवं भेदात्मक उपचार शामिल हो।
3. नॉन–ट्रैफिक बैरियर (एनटीबी) शाब्दिक प्रस्तावों पर गंभीर विचार के साथ क्षैतिज रचना तंत्र, आदि के रूप में व्यापक समर्थन।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा भारत की मांगों का हिस्सा है?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 3
(c) केवल 2 (d) 1 और 2

28. आईएसपी (सेवा उत्पादन का सूचकांक) की परिभाषा एक दिए समय में सेवा उद्योगों द्वारा किए गए उत्पादन की तुलना में उसी उद्योग द्वारा किसी विशिष्ट आधार अवधि में उत्पादित मात्रा के अनुपात के रूप में दी गई है। उपरोक्त संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. नियमित सर्वेक्षणों के अभाव में आईएसपी के सेवा क्षेत्र के विकास के मूल्यांकन के अल्पकालीन उपाय के तौर पर काम करने की संभावना है।
2. आईएसपी निश्चित मूल्यों पर एक परिमाण सूचकांक है।
3. आईएसपी को सीएसओ, सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम क्रियांवयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) के मार्गनिर्देशन में संकलित किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सही है?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

29. समर्पित किराया गलियारा (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) परियोजना को रेल मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (पीएसयू) फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) द्वारा लागू किया जा रहा है। उपरोक्त संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. इस परियोजना को 2:1 के ऋण इक्विटी अनुपात के साथ द्विपक्षीय/बहुपक्षीय ऋण, बजटीय समर्थन तथा पीपीपी के माध्यम से क्रियांवित किया जा रहा है।
2. पश्चिमी कॉरिडोर के प्रमुख हिस्सों को जापानी सहायता के साथ तथा पूर्वी कॉरिडोर को विश्व बैंक की सहायता से धन प्राप्त हो रहा है।
3. डीएफसी परियोजना के अंतर्गत मुंबई से रेवाड़ी/दादरी तक एक पश्चिमी डीएफसी (1,499 किलोमीटर) तथा दानकुनी से लुधियाना तक एक पूर्वी डीएफसी (1,839 किलोमीटर) शामिल हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन सही है?

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 2 और 3

30. विनिमेयता के संबंध में निम्नलिखित में से क्या गलत है?

1. विनिमय दर का निर्धारण मुद्रा की मांग एवं पूर्ति की शक्तियों द्वारा किया जाना चाहिए।
2. यह रुपये को सोने में बदल देता है और यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है।
3. भारतीय रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था में विनिमेयता को कायम रखने में अप्रत्यक्ष भूमिका निभाता है।

कूटः

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) कोई भी नहीं।


परिक्षार्थी अपनी समसामयिकी ई–पत्रिका के लिए www.ias100.in पर अपने अनुक्रमांक के साथ रजिस्टर करें।


CIVIL SERVICES CHRONICLE

31. राष्ट्रीय निवेश फंड की स्थापना आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 27 जनवरी 2005 को किया था। इस एनआईएफ से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. सीपीएसई के विनिवेश से हासिल प्राप्तियों को राष्ट्रीय निवेश फंड में डाल दिया जाएगा जिसे भारत के समेकित फंड के बाहर रखा जाएगा।
2. राष्ट्रीय निवेश फंड के संग्रह की प्रकृति अस्थायी है।
3. फंड की वार्षिक आय के 70 प्रतिशत को चुनिंदा सामाजिक क्षेत्र योजनाओं को वित्त प्रदान करने के काम में उपयोग किया जाएगा जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को बढ़ावा देते हैं। फंड की वार्षिक आय के 30 प्रतिशत अवशिष्ट को लाभकारी एवं पुनरुद्धार योग्य सीपीएसई की पूंजी निवेश जरूरतों को पूरा करने में इस्तेमाल किया जाएगा जो कि पर्याप्त लाभ देते हैं और जिससे वित्तीय विस्तार/विविधता लाने में उनके पूंजी आधार का विस्तार किया जा सके।

उपरोक्त कथनों में से कौन सही है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) उपरोक्त सभी

32. नाबार्ड की स्थापना 12 जुलाई 1982 को कृषि ऋण एवं ग्रामीण विकास पर तेजी से ध्यान केंद्रित करने के लिए की गई थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) कानून 1981 में संशोधन को अपनी स्वीकृति प्रदान की थी। उन संशोधनों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. नाबार्ड की अधिकृत पूंजी को बढ़ाकर 5,000 करोड़ से 20,000 करोड़ किया जाना।
2. सहयोग समिति के अर्थ को व्यापक कर किसी केंद्रीय कानून अथवा सहयोग समितियों से संबंधित किसी अन्य केंद्रीय या राज्य कानून के अधीन पंजीकृत बहुराज्यीय सहयोग समितियों को इसमें शामिल करने का प्रस्ताव है।
3. नाबार्ड की बची हुई शेयर पूंजी को भारतीय रिजर्व बैंक से केंद्र सरकार के पास स्थानांतरण को सुसाध्य करने के लिए स्वामित्व में बदलाव।

उपरोक्त कथनों में से कौन सही है?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) उपरोक्त सभी

33. बॉम्बे शेयर बाजार (बीएसई) ने बीएसई कार्बोनेक्स लांच किया है जो कि देश का पहला कार्बन–आधारित थेमेटिक सूचकांक है, जो कि जलवायु परिवर्तन अल्पीकरण के प्रति संगठनात्मक प्रतिबद्धता पर रणनीतिक दृष्टि डालती है। निम्नलिखित कथनों में से कौन सही हैं?

1 यह निवेशकों को बीएसई–50 की सहयोगी कंपनियों के ग्रीन हाउस उत्सर्जन में कमी लाने के प्रति प्रतिबद्धता से संबंध में जानने में समर्थ बनाएगा।
2 भारत में स्थित अमेरिकी उच्चायोग ने सूचकांक के विकासात्मक चरण में सहयोग दिया था।
3. इस सूचकांक की लांचिंग इतिहास रचने तथा जलवायु परिवर्तन द्वारा पैदा किए जाने वोल खतरों के संबंध में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से की गई है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) उपरोक्त सभी

34. निम्नलिखित में से कौन सा कथन प्रेफरेंस शेयर और इक्विटी शेयर के बीच के अंतर को परिभाषित करता है?

1. इक्विटी शेयर पर लाभांश की दर साल दर साल बदल सकती है जो कि लाभ की उपलब्धता पर निर्भर करती है। प्रेफरेंस शेयर धारकों को एक निर्धारित दर पर लाभांश का भुगतान किया जाता है।
2. इक्विटी शेयर धारकों को मतदान का अधिकार नहीं है। प्रेफरेंस शेयर धारकों को कंपनी के प्रबंधन में भागीदारी करने का अधिकार है।
3. इक्विटी शेयर पर लाभांश का भुगतान तभी किया जाता है जब प्रेफरेंस शेयर धारकों को भुगतान किया जा चुका होता है।

कूट:

(a) केवल 2 (b) 1 और 3
(c) 1 और 2 (d) केवल 1

35. बजट व्यापक रूप से राजस्व एवं पूंजी बजट से युक्त होता है। निम्नलिखित में से कौन से मदों को उनकी अपनी–अपनी श्रेणियों के साथ सही मिलाया गया है?

| | |
|---|---|
| 1. सरकार द्वारा लगाए गए करों एवं अन्य शुल्कों से हासिल होने वाले विभिन्न लाभ | राजस्व बजट |
| 2. भारतीय रिजर्व बैंक से सोना उधार लेना | पूंजी बजट |
| 3. सड़कों, भवनों इत्यादि जैसी संपत्तियों के अधिग्रहण पर खर्च | पूंजी बजट |
| 4. सरकार द्वारा जमा किए गए बाजार ऋण | राजस्व बजट |

कूट:

(a) 1 और 3 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

CIVIL SERVICES CHRONICLE

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें:

1. कुल–अभिकर्ता उत्पादकता (टीएफपी) जिसे बहु–कारक उत्पादकता भी कहा जाता है, एक परिवर्ती है जो कि परंपरागत रूप से मापे गए निवेश द्वारा हासिल होने वाले कुल उत्पादन के लिए उत्तरदायी होता है।
2. कर उत्प्लावकता जीडीपी या राष्ट्रीय आय के संदर्भ में हासिल कर लाभों की अनुकूलता का पैमाना है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों (d) कोई भी नहीं।

37. ई–बिज प्रोजेक्ट के संबंध में निनलिखित कथनों पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें:

1. यह व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए एक ऑनलाइन सिंगल विंडो को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस प्लान (एनईजीपी) के अंतर्गत एक मिशन मोड परियोजना है।
2. इस परियोजना का लक्ष्य एक सेवा केंद्रित, घटना संचालित जीटूबी पारस्परिक क्रिया के माध्यम से भारत के व्यावसायिक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।
3. यह व्यवसाय उपयोगकर्ताओं को कई सेवाएं प्रदान करता है जिसके अंतर्गत उनके अभियान का संपूर्ण जीवन चक्र शामिल है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

38. सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इडिया (सेबी) ने स्कोर्स की शुरुआत की है जो कि शिकायतों को दायर करने एवं उससे संबंधित खोज करने की एक केंद्रीयकृत वेब–आधारित प्रणाली है। सेबी द्वारा निम्नलिखित में से किस तरह की शिकायतों का निपटारा किया जाता है?

1. असूचीबद्ध/सूची से हटाई गई/बंद/बिक चुकी/रुग्न कंपनियों के खिलाफ शिकायत।
2. भारतीय रिजर्व बैंक, आईआरडीए, पीएफआरडीए, सीसीआई, एफएमसी इत्यादि जैसी अन्य नियामक निकायों की सीमा क्षेत्र के अधीन या फिर एमसीए जैसे अन्य मंत्रालयों के अधीन आने वाली शिकायतें।
3. पोर्टफोलियो मैनेजरों, जमाकर्ताओं तथा इसके भागीदारों, डिबेंचर ट्रस्टियों, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों, कस्टोडियंस, शेयर बाजारों, संपत्ति प्रबंधन कंपनियों के खिलाफ शिकायतें।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1 और 3

39. निम्नलिखित में से किसे गलत तरह से मिलाया गया है?

| | | |
|---|---|---|
| 1 | उपकर | किसी विशेष योजना के लाभार्थियों से सरकार द्वारा जमा की गई अनिवार्य उगाही |
| 2 | दर | सभी व्यक्तियों से किसी खास उद्‌देश्य के लिए सरकार द्वारा वसूली गई अनिवार्य उगाही |
| 3 | निगम कर | नागरिक सुविधाओं के लिए निगमों द्वारा की गई उगाही |
| 4 | मूल्य वर्द्धित कर | उपभोग के अंतिम चरण में उपभोग के लिए लगाया गया कर। |

कूट:

(a) केवल 4 (b) 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1 और 2

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

**कथन (A):** छद्‌म बेरोजगारी भारतीय कृषि की एक सामान्य विशिष्टता है।

**कारण (R):** भारत कृषि प्रक्रियाओं को लागू करने में तुलनात्मक रूप से धीमा रहा है।

कूट:

(a) दोनों कथन सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) दोनों कथन सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) (R) सही है लेकिन (A) गलत है।

41. नीचे दिए गए योजना के इतिहास से सम्बंधित निम्न कथनों को कालानुक्रम से लगायें:

I. बॉम्बे योजना
II. श्रीमन नारायण अग्रवाल द्वारा गांधी योजना
III. श्री जे पी नारायण द्वारा सर्वोदय योजना
IV. NDC की स्थापना

कूट:

(a) I-II-III-IV (b) II-I-III-IV
(c) II-I-IV-III (d) III-II-I-IV

42. निम्न में से कौन भारतीय रिजर्व बैंक की साख नियंत्रण का मात्रात्मक उपाय नहीं है?

1. ऋण की सीमान्त मांग (Marginal Requirement of loan)
2. वैधानिक नकद आरक्षित मांग (Statutory Cash Reserve Requirements)

CIVIL SERVICES CHRONICLE

3. वैधानिक तरलता अनुपात (Statutory Liquidity Ratio)
4. साख की रासनिंग (Rationing of credit)

कूटः

(a) 2 तथा 3 (b) केवल 4
(c) 1 तथा 4 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

43. भारत में निम्न संस्थानों की स्थापना का सही कालानुक्रम क्या है?

1. नाबार्ड (NABARD) 2. आईडीबीआई (IDBI)
3. सिडबी (SIDBI) 4. आईएफसीआई (IFC1)

कूटः

(a) 4, 1, 2, 3 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 3, 1, 2, 4 (d) 4, 2, 1, 3

44. वह सूचकांक, जिसमें साक्षरता तथा जीवन प्रत्याशा के सामाजिक सूचकांक के साथ आधारभूत आय के पैमाने को इस प्रकार समाकलित किया जाये जिससे की लोगो को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने हेतु अपेक्षित पर्याप्त क्रय क्षमता ज्ञात हो सके, कहलाता है...

(a) आधारभूत आवश्यकता सूचकांक (Basic Needs Index)
(b) क्रय शक्ति सूचकांक (Purchasing Power Index)
(c) मानव विकास सूचकांक (Human Development Index)
(d) कल्याण सूचकांक (Welfare Index)

45. द्वैधता (Dualism) का विकास अर्थव्यवस्था में तात्पर्य हैः

(a) बाजार उन्मुख तथा सरकार नियंत्रित मूल्य नीतियों की सह–उपस्थिति
(b) आधुनिक और पारंपरिक क्षेत्र की सह–उपस्थिति
(c) निजी तथा लोक क्षेत्रक की सह–उपस्थिति
(d) संस्थागत तथा गैर–संस्थागत क्षेत्र की सह–उपस्थिति

46. भारत में भूमि सुधार में सम्मिलित हैंः

1. छितरी भूमि का समेकन
2. मध्यवर्तियों का उन्मूलन
3. काश्तकारी सुधार (Tenancy Reforms)
4. भूमि धारण की सीमा निर्धारित करना

कूटः

(a) केवल 1 (b) 1 तथा 2
(c) 1, 2 तथा 3 (d) 1, 2, 3 तथा 4

47. भारत में सम्मिलन तथा अधिग्रहण के शासन हेतु निम्न में से कौन से विधान प्रयुक्त होते हैं?

1. कम्पनी अधिनियम, 1956
2. प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002
3. विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999
4. आय कर अधिनियम, 1961

दिए गये कूट से उत्तर चुनें:

(a) केवल 1 (b) 1 तथा 2
(c) 1, 2 तथा 3 (d) 1, 2, 3 तथा 4

48. कार्यक्षम राजस्व घाटा (Effective revenue deficit) भारतीय बजट प्रक्रिया में हाल ही में प्रस्तुत एक नवीन संकल्पना है। कार्यक्षम राजस्व घाटा के संदर्भ में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?

1. कार्यक्षम राजस्व घाटा राजस्व घाटे से अधिक होता है।
2. कार्यक्षम राजस्व घाटा राजस्व घाटे से कम होता है।
3. कार्यक्षम राजस्व घाटा हमें राजस्व घाटे के शुद्ध उपभोग घटक के विषय में बताता है।

कूटः

(a) केवल 1 सही है।
(b) केवल 2 सही है ।
(c) केवल 2 तथा 3 सही हैं।
(d) केवल 3 सही है।

49. निम्न में से कौन बजट की पूंजीगत प्राप्तियों में सम्मिलित होते हैं?

1. ऋणों की उगाही
2. उधार तथा अन्य देयताएँ
3. ब्याज
4. PSU विनियोग से प्राप्त आय

कूटः

(a) केवल 1, 2 तथा 4
(b) केवल 2, 3 तथा 4
(c) केवल 1, 2 तथा 3
(d) केवल 1, 3 तथा 4

50. फिलिप्स वक्र प्रकट करता है

1. बेरोजगारी तथा मुद्रास्फीती के बीच सम्बन्ध (trade off)
2. बढती आय के साथ तुच्छ वस्तुओं (inferior goods) की मांग में कमी की अनन्य परिघटना
3. वृद्धि तथा बेरोजगारी के बीच सम्बन्ध (trade off)

कूटः

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1 तथा 3

51. विश्व व्यापार संगठन की विवाद समझौता प्रणाली के सम्बन्ध में निम्न में से क्या सही है ?

1. डंपिंग के सम्बन्ध में एक सदस्य दूसरे सदस्य के प्रति शिकायत दर्ज कर सकता है।
2. अपने दायरे के अन्दर विवाद समझौता प्रणाली सम्बद्ध देशों को नब्बे दिनों के भीतर द्विपक्षीय वार्ताओं के द्वारा विवाद के समाधान का प्रावधान करता है।

CIVIL SERVICES CHRONICLE


परिक्षार्थी अपनी समसामयिकी ई–पत्रिका के लिए www.ias100.in पर अपने अनुक्रमांक के साथ रजिस्टर करें।

3. विवाद समझौता प्रणाली के निर्णय बाध्यकारी हैं।
4. एक सदस्य देश विवाद समझौता प्रणाली की मध्यस्थता को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है।

कूटः

(a) केवल 1, 2 तथा 4 (b) केवल 1, 2 तथा 3
(c) केवल 3 (d) केवल 1 तथा 4

52. भारतीय अर्थव्यवस्था के सम्बन्ध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?

1. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत 8 प्रतिशत वार्षिक की दर से औसत वृद्धि प्राप्त की गयी।
2. बारहवीं पंचवर्षीय योजना में 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की वृद्धि दर प्राप्त करने की आशा की गयी है।
3. 2012–13 में बड़े देशों में भारत चीन के बाद दूसरा सबसे तेज वृद्धि वाला अर्थयवस्था था।
4. 2013–14 के बजटीय अनुमान के अनुसार योजनागत व्यय गैर–योजनागत व्यय का लगभग आधा है।

कूटः

(a) केवल 2 तथा 3 (b) 2, 3 तथा 4
(c) 1, 2 तथा 3 (d) 1, 2 तथा 4

53. 2013–14 के बजट के सम्बन्ध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?

1. बजट में मौलाना आजाद शिक्षा संस्थान हेतु राशि को बढा कर 1500 करोड़ कर दिया गया है।
2. 1650 करोड़ रूपये छह AIIMS जैसे संस्थानों हेतु आवंटित किए गए हैं।
3. नवीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को 21239 करोड़ का आवंटन प्राप्त होगा।
4. सर्व शिक्षा अभियान को 27258 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त होगा।

कूटः

(a) केवल 1 तथा 2
(b) केवल 2 तथा 3
(c) उपरोक्त सभी
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

54. WTO के घरेलू समर्थन प्रावधानों के अंतर्गत कुछ घरेलू समर्थन को व्यापार विकृति परक तथा कुछ को गैर व्यापार विकृति परक समझा जाता है। कई ऐसे बक्से हैं जिनके अंतर्गत घरेलु समर्थन को वर्गीकृत किया गया है। ग्रीन बॉक्स से सम्बंधित WTO के घरेलू समर्थन प्रावधानों के सन्दर्भ में क्या सही है?

(a) ''ग्रीन बॉक्स'' के रूप में चिन्हित किये जाने हेतु किसी सब्सिडी को व्यापार में अवश्य ही विकृति नहीं लाना चाहिए अथवा कम से कम क्षति पहुँचाना चाहिए।
(b) ग्रीन बॉक्स सब्सिडी अवश्य ही सरकार द्वारा वित्त प्रदत होनी चाहिए (उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य लेकर नहीं) तथा इसमें मूल्य समर्थन अवश्य ही शामिल नहीं होना चाहिए।
(c) ग्रीन बॉक्स सब्सिडी ऐसे कार्यक्रमों के लिए होते हैं जो किसी उत्पाद विशेष पर निर्देशित नहीं होते तथा इसमें किसानों हेतु प्रत्यक्ष आय समर्थन शामिल होते हैं जो वर्तमान उत्पादन स्तर या मूल्यों से जुड़े नहीं (अलग होते हैं) हैं।
(d) उपरोक्त सभी।

55. कैर्न्स ग्रुप (Cairns Group) के सन्दर्भ में निम्न में से क्या सही है?

1. ग्रुप का नाम ऑस्ट्रेलिया के कैर्न्स शहर से लिया गया है।
2. कैर्न्स ग्रुप 19 कृषि निर्यातकर्ता देशों का हित समूह है।
3. कैर्न्स ग्रुप 19 विनिर्माण निर्यातक देशों का हित समूह है।
4. इस ग्रुप के निर्माण का प्रयास मुख्यतः यूरोपियन यूनियन की सामान्य कृषि नीति तथा संयुक्त राष्ट्र निर्यात संवर्धन कार्यक्रम की बढती व्यापार सब्सिडियों के जवाब में किया गया।

कूटः

(a) केवल 1, 3 तथा 4 (b) केवल 2 तथा 4
(c) केवल 1, 2 तथा 4 (d) केवल 3 और 4

56. खेल सिद्धांत (Game Theory) जो अर्थव्यवस्था, राजनीति विज्ञान, तथा मनोविज्ञान के साथ–साथ तर्कशास्त्र में प्रयुक्त होता है, निम्न रूप में विवेचित किया जा सकता है....

(a) रणनीतिक निर्णय निर्माण का अध्ययन।
(b) एक शून्य–सम खेल (zero-sum game) जिसमें किसी एक व्यक्ति का द्वारा उपार्जित लाभ दूसरे प्रतिभागियों के शुद्ध हानि के एक दम समान हो।
(c) एक लाभ–लाभ खेल (win-win game) जो इस प्रकार संयोजित होता है जिसमे सभी प्रतिभागी किसी न किसी रूप में लाभान्वित हों।
(d) उपरोक्त सभी।

57. 12वीं योजना के सम्बन्ध में निम्न में से क्या सही है?

1. 12वीं योजना का मुख्य उद्देश्य 'तीव्र, सतत तथा अधिक समावेशी संवृद्धि' है।
2. NDC द्वारा स्वीकृत इस योजना का लक्ष्य 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) के दौरान 8 प्रतिशत की औसत संवृद्धि दर प्राप्त करना है।
3. 2012–13 से आरम्भ होने वाली पंचवर्षीय अवधि हेतु योजना प्रपत्र में सकल योजना संसाधन 37.16 लाख करोड़ रूपये आंकी गयी है।

4. योजना में गैर–कृषि क्षेत्र में 5 करोड़ नई नौकरियों को उत्पन्न करने का लक्ष्य है।

कूटः

(a) केवल 1, 3 तथा 4 (b) केवल 1 तथा 3
(c) केवल 1, 2 तथा 3 (d) उपरोक्त सभी।

58. निम्न का मिलन करें:

| | |
|---|---|
| A. लैफर वक्र | (i) BOP पर अवमूल्यन का प्रभाव |
| B. एंजल्स वक्र | (ii) असमानता |
| C. लौरेंज वक्र | (iii) नीची दरें कर अदायगी को बढाती हैं |
| D. जे–वक्र | (iv) बढती आय के साथ तुच्छ वस्तुओं (inferior goods) की मांग घटती है। |

कूटः

(a) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D- (i)
(b) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D- (i)
(c) A-(iii), B-(iv), C-(i), D- (ii)
(d) A-(iv), B-(iii), C-(i), D- (ii)

59. 11वीं योजना के विषय में निम्न में से क्या सत्य नहीं है?

(a) 11वीं योजना 2007–08 से 2011–12 में GDP संवृद्धि 7.9 प्रतिशत रही।
(b) कृषि GDP संवृद्धि 11वीं योजना में बढ़कर औसत 3.3 प्रतिशत की दर पर पहुंची।
(c) 2004–05 से 2009–10 की अवधि में गरीबी रेखा से नीचे की जनसँख्या का प्रतिशत 1.5 प्रतिशत बिंदु (ppt) प्रति वर्ष की दर से कम हुई।
(d) 2004–05 के 6.6 प्रतिशत से बढ़कर बेरोजगारी की दर 2009–10 में 8.2 प्रतिशत हो गयी।

60. निम्न में से क्या बैंकों हेतु दायित्व नहीं है?

(a) शेयर पूँजी (Share capital)
(b) आरक्षित कोष (Reserve funds)
(c) विद्यमान नकद (Cash in hand)
(d) जमायें (Deposits)

61. बैंक चेक के विषय में निम्न में से क्या सही नहीं है?

(a) धारक चेक (bearer cheque) निर्दिष्ट व्यक्ति को अथवा अन्य किसी व्यक्ति को जो इसे बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत करता है के प्रति देय होता है।
(b) एक आज्ञा चेक (order cheque) उस व्यक्ति को जो प्राप्तकर्ता के रूप में निर्दिष्ट है अथवा किसी अन्य व्यक्ति को जिसे हस्तांतरित किया गया हो के प्रति देय होता है।
(c) एक रेखांकित चेक बैंक के पटल पर नकद प्राप्ति हेतु प्रयुक्त नहीं हो सकता परन्तु यह केवल प्राप्तकर्ता के खाते में जमा किया जा सकता है।
(d) कोई चेक जिस पर उसे प्रस्तुत करने के दिन से पूर्व की कोई तारीख दर्ज होती है तो उसे 'प्रति–दिनांकित चेक' कहते हैं। इस प्रकार का चेक अपनी तारीख से तीन महीने की अवधि हेतु वैद्ध होता है।

62. निम्न में से कौन प्राथमिकता क्षेत्र उधार में सम्मिलित नहीं है?

(a) गृह ऋण (Housing loan)
(b) सुक्ष्म ऋण (Micro credit)
(c) शिक्षा ऋण (Education loan)
(d) घरेलू वाणिज्यिक बैंकों के द्वारा निर्यात ऋण

63. भारत के मध्यावधि राजकोषीय नीति 2013 के सम्बन्ध में निम्न में से क्या सही नहीं है?

(a) 2010–11 तथा 2011–12 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था ने बढ़ते चालू खाते, दुविधापूर्ण मुद्रास्फीति, गिरती बचत दर,गिरते निवेश तथा उपभोग की प्रवृति दिखायी।
(b) सरकार ने सुधारात्मक उपाय सुझाने हेतु केलकर समिति गठित की। इसके रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने राजकोषीय समेकन के मार्गचित्र (roadmap) की घोषणा की।
(c) सरकार ने 2012–13 में मध्यवर्षीय सुधारों के रूप में राजकोषीय समेकन के उपाय को नहीं अपनाया जिसने ऊँचे राजकोषीय घाटे को जन्म दिया।
(d) 2013–14 की राजकोषीय नीति की रचना अनिश्चित अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक स्थिति में भारत के समक्ष उपस्थित समष्टि आर्थिक चुनौतियों का सामना करने हेतु की गयी है।

64. आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था का वार्षिक निष्पादन तथा भविष्य संभावनाओं को प्रकट करता है। बजट 2013–14 के प्रस्तुतीकरण के पूर्व कृषि से सम्बंधित कौन से बिंदु आर्थिक समीक्षा द्वारा प्रकट किये गए थे?

1. हालाँकि सहायक गतिविधियों के साथ कृषि का स्थिर मूल्यों पर (2004–5) GDP में 2011–12 में योगदान केवल 14.1 प्रतिशत है परन्तु रोजगार के हिसाब से अर्थव्यवस्था में इसका योगदान कहीं अधिक है।
2. कृषि (सहायक क्षेत्रों के साथ) का कुल GCF पिछले दस वर्षों में लगभग दुगुना हो गया है तथा इसने वार्षिक रूप से 8.1 प्रतिशत की औसत चक्रवृद्धि वृद्धि दर्ज की है।
3. 11वीं पंचवर्षीय योजना में 2009–10 के अतिरिक्त अन्य वर्षों में खाद्यान उत्पादन की प्रवृति बढ़ने की रही है।

4. भारत चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक तथा उपभोगकर्ता है।

कूटः

(a) केवल 1 तथा 2 (b) केवल 1, 2 तथा 3
(c) केवल 3 तथा 4 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

65. सरकार ने सेवा क्षेत्र में FDI नीति के उदारीकरण हेतु कई नीतिगत पहलें की हैं। निम्न में से कौन ऐसी पहलों में शामिल नहीं है?

(a) प्रसारण क्षेत्र में काम करने वाली कम्पनियों हेतु विदेशी निवेश की नीतियों का उदारीकरण।
(b) टेलिपोर्ट (अप–लिंकिंग हब/टेलिपोर्ट की स्थापना) तथा डायरेक्ट टू होम व केबल नेटवर्क में विदेशी निवेश सीमा को 49 प्रतिशत से बढाकर 74 प्रतिशत करना।
(c) मोबाइल टीवी में विदेशी निवेश को 100 प्रतिशत तक करना; अनुसूचित तथा गैर अनुसूचित वायु सेवा क्षेत्र में विदेशी एयरलाइन्स को 51 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति देना।
(d) बहु–ब्रांड रिटेल व्यापार में 51 प्रतिशत FDI की अनुमति देना।

66. ग्रीन इंडिया मिशन में शामिल हैः

(a) कम से कम चार लाख हेक्टेयर अवक्रमित वन को पुनर्जीवित करना
(b) मध्यम घनत्व वाले वनों के 2 लाख हेक्टेयर पर वन आवरण के घनत्व को बढ़ाना
(c) वन, अपशिष्ट और समुदायिक भूमि के 10 लाख हेक्टेयर पर वन और पेड़ के घनत्व में वृद्धि करना
(d) उपरोक्त सभी

67. निम्न में से कौन सा उपाय काले धन के जनन को रोकने के लिए नहीं है?

1. मुद्रा का विमुद्रीकरण
2. स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजनाएं
3. कर प्रशासन में सुधार
4. अनिवासी निवेश योजना

कूटः

(a) केवल 1 तथा 2 (b) केवल 1, 2 तथा 3
(c) केवल 3 तथा 4 (d) उपरोक्त सभी

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत दिये जाने वाले एम्बर बॉक्स सब्सिडी, किसानों को उत्पादन सीमित करने के लिए दिये जाने वाले कुछ प्रत्यक्ष भुगतान हैं।
2. ब्लू बाक्स सब्सिडी अनुसंधान, रोग नियंत्रण और खाद्य सुरक्षा जैसी सरकारी सेवाओं पर खर्च किये जाने वाली राशि है।
3. ग्रीन बॉक्स सब्सिडी में उत्पादन मात्रा से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित समर्थन मूल्यों या सब्सिडी उपाय शामिल हैं।

इनमें से कौन सही हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 दोनों (d) उपरोक्त सभी

69. मानव गरीबी सूचकांक–2 (एचपीआई–2) एक यौगिक सूचकांक घटक है जोकि घटक उपायों की एक संख्या जो विकसित देशों में गरीबों की आर्थिक कल्याण पर एक सारांश आंकड़ों की गणना पर आधारित है। यह निम्न में से किन कारकों पर निर्भर करता है?

1. जनसंख्या का प्रतिशत जिसका 60 वर्ष की आयु तक जीवित रहने की संभावना नहीं है।
2. वयस्कों का प्रतिशत जो कार्यात्मक रूप से अनपढ़ हैं।
3. जनसंख्या का प्रतिशत जिसकी आय, औसत आय के 50% से कम हो।
4. सामाजिक अपवर्जन जो कि लंबे अवधि (विशेष रूप से 6 महीने या इससे ज्यादा) के बेरोजगारी की दर द्वारा प्रदर्शित होती है।

कूटः

(a) 1, 2 तथा 3 (b) 2, 3 तथा 4
(c) 1, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी

70. उदारीकरण के बाद सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए भारत सरकार की निम्न में से कौन नीतियों का हिस्सा रहे हैं?

1. सार्वजानिक क्षेत्र के लिए आरक्षित उद्योगों की संख्या में कमी
2. संसाधन जुटाने के उद्देश्य से चुनिंदा सार्वजानिक उद्यमों के सेट के शेयरों का विनिवेश
3. मजदूरों की छंटनी
4. एमओयू प्रणाली (समझौता ज्ञापन) के माध्यम से प्रदर्शन को सुधारना, जिसके अंतर्गत प्रबंधन को ज्यादा स्वायत्ता दी जाएगी लेकिन निर्दिष्ट परिणामों के प्रति जवाबदेह होगी।

कूटः

(a) 1, 2 तथा 3 (b) 2, 3 तथा 4
(c) 1, 2 और 4 (d) उपरोक्त सभी

71. पूंजी खाता परिवर्तनीय के लिए 'रोड मैप तैयार करने' के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व रिजर्व बैंक डिप्टी गवर्नर एस.एस.तारापोर की अध्यक्षता में पूंजी खाता परिवर्तनीयता पर एक समिति गठित की गई थी। निम्नलिखित में से कौन से उपायों की समिति द्वारा सिफारिश की गई थी?


परिक्षार्थी अपनी समसामयिकी ई–पत्रिका के लिए www.ias100.in पर अपने अनुक्रमांक के साथ रजिस्टर करें।


CIVIL SERVICES CHRONICLE

1. सरकार की कर्ज अदायगी जरूरतों के लिए एक समेकित घाटा निपटान निधि की स्थापना करना।
2. सरकारी और विनिवेश प्रक्रियाओं में भारतीय रिजर्व बैंक के लाभ हस्तांतरण में वृद्धि द्वारा समेकित घाटा निपटान निधि को वित्त प्रदान करना।
3. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकिंग प्रणाली के सकल गैर–निष्पादित परिसंपत्ति को घटाना।
4. औसत प्रभावी सी.आर.आर. भी घटाया जाना।

कूटः

(a) 1, 2, और 3 (b) 1 और 2
(c) 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

72. यथामूल्य शुल्क (ad valorem duty) एक कर है जो कि आधारित है....

(a) एक उत्पाद के मूल्य पर
(b) उस स्तर पर वस्तु उत्पाद में मूल्य वृद्धि दर
(c) वस्तु के विज्ञापन व्यय पर
(d) वस्तु की मात्रा पर

73. निम्नलिखित में से कौन प्रत्यक्ष कर के अंतर्गत आता है?

1. धन कर 2. उपहार कर
3. संपदा शुल्क 4. प्रतिभूति लेन–देन कर

कूटः

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

74. भारतीय पूंजी बाजार मोटे तौर पर हुंडी (gilt-edged) बाजार और औद्योगिक प्रतिभूति बाजार में विभाजित है। निम्नलिखित में से कौन से कथन हुंडी बाजार के संदर्भ में सही हैं?

1. हुंडी बाजार आरबीआई द्वारा समर्थित सरकारी और अर्द्ध सरकारी प्रतिभूतियों के बाजार को प्रदर्शित करती है।
2. सरकारी प्रतिभूतियां सरकार द्वारा वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से जारी किया गैर–व्यापारिक (Non-tradable) ऋण प्रपत्र है।
3. गिल्ट आधारित प्रतिभूतियों में तरलता की कमी के कारण यह व्यतिक्रम/डिफॉल्ट (Default) जैसे जोखिम से ग्रस्त नहीं होता।
4. ऐसी प्रतिभूतियाँ आरबीआई के खुले बाजार में प्रचालित की जाती हैं।

कूटः

(a) 1 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, और 4

75. घाटे की वित्त व्यवस्था कभी–कभी बजट घाटे के रूप में जाना जाता है, और यह धन प्रबंधन की पद्धति है जिसमें एक अवधि में एकत्र किए गये पैसे की तुलना में ज्यादा खर्च होने से संबंधित है। भारत सहित ज्यादातर विकासशील देश, घाटे की वित्त व्यवस्था का सहारा क्यों लेते हैं?

1. सार्वजनिक व्यय में वृद्धि के माध्यम से कुल मांग में वृद्धि के लिए
2. देश में अधिशेष, आदर्श और अप्रयुक्त संसाधन को इस्तेमाल करने के लिए
3. रक्षा व्यय को वित्त प्रदान करने के लिए
4. मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए

नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन करें:

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

❖❖❖

CIVIL SERVICES CHRONICLE